अणुव्रत विश्व भारती (अणुविभा)
ANUVRAT GLOBAL ORGANIZATION (ANUVIBHA)
*(a transnational centre for peace and nonviolent action associated with the Department of Public Information of the United Nations)*
**International Centre**
Anuvibha Jaipur Kendra, B01-02, Opp. Gaurav Tower, Malviya Nagar
Jaipur - 302 017 (Raj.)INDIA
Telefax : 91-141-2722412 Fax : 91-141-2710118
e-mail : anuvibha@anuvibha.in web : www.anuvibha.in

# डॉ. सोहनलाल गांधी संयुक्त राष्ट्र गैर–सरकारी संगठनों के सम्मेलन में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे

जयपुर, 27 अगस्त, 2010

संयुक्त राष्ट्र के लोक सूचना विभाग द्वारा गैर–सरकारी संगठनों का वार्षिक सम्मेलन 28 अगस्त से 2 सितम्बर, 2010 तक इस बार आस्ट्रेलिया के मेलबोर्न शहर में हो रहा है। इस सम्मेलन का विमर्श विषय 'वैश्विक स्वास्थ्य की प्रगति : सहस्त्राब्दी लक्ष्यों को पूरा करना' रखा गया है।

सम्मेलन में विश्व के 192 देशों की संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त गैर–सरकारी संगठनों के लगभग तीन हजार प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है सम्मेलन में जिन 24 कार्यशालाओं का चयन किया गया है, उनमें भारत से अणुव्रत विश्व भारती (अणुविभा) द्वारा प्रस्तावित कार्यशाला भी एक है जिसका विषय है – "शांति एवं सुस्थिरता के लिए स्वस्थ जीवन शैली का आदर्श।" इस कार्यशाला की अध्यक्षता अणुविभा के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सोहनलाल गांधी करेंगे जबकि प्रमुख वक्ताओं में अणुविभा अध्यक्ष श्री तेजकरण सुराणा व श्री बुद्धसिंह सेठिया (दिल्ली), श्री किरीट दफ्तरी (अमेरिका) तथा श्री संचय जैन (जयपुर) हैं। कार्यशाला में अणुव्रत, प्रेक्षाध्यान व जीवन–विज्ञान को स्वस्थ जीवन शैली के रूप में प्रस्तुत किया जायेगा।

सम्मेलन का उद्घाटन संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून करेंगे तथा आस्ट्रेलिया सरकार सम्मेलन की आतिथेय है।

– महेन्द्र जैन
मीडिया प्रभारी, अणुविभा